


### एक नजर में

## साइबर फ्रॉड में लाखों की धनराशि बची

इंदौर. एरोड्रम पुलिस की तुरंत कार्रवाई ने साइबर फ्रॉड के दौरान 6,92,200 रुपए बचा लिए. आवेदक मनीष सोलंकी ने पैसे दोगुने करने के लालच में 18 लाख रुपए अज्ञात साइबर अपराधियों को भेज दिए थे, लेकिन पुलिस की समय पर कार्रवाई ने बड़ी वित्तीय हानि रोक दी. आवेदक मनीष सोलंकी, निवासी जयभवानी नगर, 26सितंबर की रात लगभग 10 .30 बजे थाना एरोड्रम पहुंचे. उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले उन्हें व्हाट्सएप पर टास्क जॉब के नाम पर निवेश करने और पैसे दोगुने करने का लालच दिया. शुरुआती निवेश पर उन्हें वादा अनुसार लाभ मिला, लेकिन इसके बाद अपराधियों ने लगातार 18 लाख रुपए विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा लिए. थाना प्रभारी तरूण सिंह भाटी ने आवेदक की शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज कराते हुए संबंधित बैंक खातों को तुरंत फ्रीज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी. तुरंत कार्रवाई के कारण 6,92,200 रुपए अन्य खातों में ट्रांसफर होने से पहले ही सुरक्षित बचा लिए. इस कार्रवाई में आरक्षक अमर जाटव की भूमिका को विशेष रूप से सराहा गया. पुलिस सूत्रों ने बताया कि साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई से भविष्य में इसी तरह के फ्रॉड को रोकने में मदद मिलेगी.

## नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले 22 वाहनों पर कार्रवाई

इंदौर. शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार पुलिस ने लगातार नो एंट्री नियम का उल्लंघन करने वाले भारी वाहनों पर सख्त कार्रवाई की. 29 से 30 सितंबर की सुबह तक, इंदौर पुलिस ने 22 भारी वाहनों के खिलाफ पांच-पांच हजार रुपए का चालान किया और चालक को प्रशासन के आदेशों का पालन करने की हिदायत दी. साथ पुलिस ने चेतावनी दी कि नियमों की अवहेलना पर और सख्त कार्रवाई की जाएगी. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सभी वाहन चालकों को प्रतिबंधित मार्गों और निर्धारित समय का पालन करने, तथा प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार सहयोग करने के लिए समझाईश दी गई.

## परिजनों ने किया सिमरोल थाने का घेराव



इंदौर. ग्राम दतोदा की नाबालिक बालिका की हाल ही में हुई आत्महत्या के मामले में स्थानीय लोग और परिजन आक्रोशित हैं. परिजनों ने सिमरोल थाने का घेराव कर पुलिस से आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की. परिजन और ग्रामीणों का कहना है कि मृतक बालिका ने अपनी मृत्यु से पहले स्पष्ट बयान दिए थे, जिनमें संभावित आरोपियों की पहचान की गई थी. लेकिन घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस की ओर से किसी भी आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्रवाई नहीं हुई है. इस कारण परिजनों ने थाने का घेराव कर न्याय की गुहार लगाई और आरोपियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की मांग की. ग्रामीणों का कहना है कि यदि मामला जल्द नहीं सुलझा, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे.

## पीजी और फ्लैट से लैपटॉप व मोबाइल गायब

इंदौर. शहर के हीरानगर और भंवरकुआं थाना क्षेत्रों में चोरों ने पीजी और फ्लैट में सो रहे युवकों के कमरे से बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर शहर में सुरक्षा की चिंता बढ़ा दी है, दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश शुरु की. सुबह हीरानगर के 261 एच शंकराया पीजी, स्कीम नं. 113 में दो अज्ञात लुटेरों ने सात्विक नायडू और प्रखर श्रीवास्तव के कमरे का दरवाजा खुला पाया और एप्पल व सैमसंग फोन के साथ दो लिनोवो लैपटॉप चोरी कर लिए. इसी तरह भंवरकुआं इलाके के फ्लैट न. 102 साहु मेंशन में प्रियेश मोर्य और उसके मित्र मयंक निहारे के कमरे से लैपटॉप, सैमसंग गैलेक्सी एस 23 अल्ट्रा, रेडमी नोट 10 प्रो और अन्य महत्वपूर्ण उपकरण चोरी हो गए. इसी तरह भंवरकुआं क्षेत्र के गीता विहार खण्डवा नाका में नवीन पाटीदार और उनके मित्र युवराज के कमरे से भी लैपटॉप और मोबाइल गायब हो गए, तीनों मामलों में अज्ञात चोरों ने सुबह के समय वारदात को अंजाम दिया. पुलिस ने तीनों घटनाओं में बीएनएस तथा संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और संदिग्धों की तलाश जारी है.

## दुकान से काजू के आठ डब्बे चोरी

इंदौर. एमजी रोड थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने सूखे मेवे की दुकान से काजू के आठ डब्बे उड़ा दिए. घटना देर रात जवाहर मार्ग स्थित श्रीगुरु नानक स्टोर पर हुई, 47 वर्षीय फरियादी अमिताभ उर्फ़ अनिल कुमार वीरवानी ने थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात बदमाश दुकान से माल चोरी कर ले गए. फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरु की.

## नवरात्र पर्व में गरबों की धूम



महू. शहर इन दिनों शारदीय नवरात्र पर्व की धूम से गुलजार है. शहर के हर गली और मोहल्ले में गरबा और डांडिया की आवाजें गूंज रही हैं. शहर में मुख्य आयोजन धार नाका के हाईस्कूल में पंख परिवार के सुनील चौधरी और हरी फटक चौराहा स्थित हाई स्कूल मैदान में चल रहा रास ए रंग गरबा महोत्सव अक्षत शर्मा द्वारा भव्य स्तर पर चलाया जा रहा है. इस गरबा में बड़ी संख्या में पार्टिसिपेट गानों की धुनों पर थिरकते नजर आ रहे हैं. उसके आलावा विभिन्न क्षेत्रों में नवरात्रि महोत्सव का आयोजन हो रहा है, जिसमें शाम होते ही आस्था और श्रद्धा का ज्वार उमड़ पड़ता है. पंडाल में महिला मंडल अध्यक्ष, गरबा समिति सदस्य और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और कार्यक्रम के संचालन में सहयोग प्रदान किया. शहर भर में संध्या समय गरबा और डांडिया कार्यक्रम चलते हैं. शाम होते ही सांस्कृतिक माहौल तैयार हो जाता है और हर गली में गरबा नृत्य की खनक सुनाई देती है. युवा, बच्चे और महिलाएं अपने-अपने पारंपरिक वेशभूषा में सजकर पंडालों में भाग लेते हैं. इस दौरान समाज के गणमान्य सदस्य और आमजन भी बच्चों व युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कार्यक्रम में शामिल होते हैं.

## पीथमपुर नगर पालिका द्वारा ब्लैक स्पॉट का रूपांतरण




पीथमपुर. भारत सरकार द्वारा दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष सेवन्ती सुरेश पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशिकांत शुक्ला, नोडल अधिकारी हिमांशु सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी रूपेश कुमार सूर्या के आदेशानुक्रम मे वार्ड 03 धन्नड़ मे एक दीवार के पास ब्लैक स्पॉट का चिन्हित किया गया था, जिसमे निकाय के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और सफाई मित्रों के सहयोग से ब्लैक स्पॉट का रूपांतरण किया गया सभी नागरिकों को स्पॉट को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया, नगर पालिका द्वारा आगामी दिनों मे भी इसी प्रकार के ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर सफाई करने का कार्य किया जाएगा जिसमे वहाँ के नागरिकों को ही स्पॉट की जिम्मेदारी दी जाएगी. नगर पालिका द्वारा निकाय मे कार्यरत समस्त 570 सफाई मित्रों के साथ कैम्प मे आए नागरिकों के स्वास्थ्य का नि: शुल्क परीक्षण स्वास्थ्य विभाग और संस्था ई कम्यूनिटी के सहयोग से किया जा चुका है.

# नायब तहसीलदार व निलंबित बाबू 50 हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ाए

- तहसील कार्यालय में लोकायुक्त की ट्रैप कार्रवाई



नव भारत न्यूज

**इंदौर. लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार को तहसील खुड़ैल में बड़ी कार्रवाई करते हुए नायब तहसीलदार और निलंबित बाबू को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोच लिया. दोनों पर एक विधवा महिला की जमीन के नामांतरण के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है.**

लोकायुक्त पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्रेटर ब्रजेश्वरी निवासी एडवोकेट कृष्ण कुमार डांगी ने शिकायत की थी कि उनकी बुआ भगवंतिबाई, निवासी ग्राम खराडिया की भूमि का नामांतरण कराने के लिए तहसील खुड़ैल के नायब तहसीलदार दयाराम निगम और निलंबित सहायक ग्रेड-3 नरेंद्र नरवरिया द्वारा 50 हजार रुपए की मांग की जा रही है. शिकायत के सत्यापन के बाद आरोप सही पाए गए थे, जिसके बाद आवेदक को रिश्वत राशि लेकर तहसील खुड़ैल कार्यालय बुलाया था. योजना के अनुसार, ट्रैप दल ने घेराबंदी की. इस दौरान निलंबित बाबू नरेंद्र नरवरिया ने आवेदक से रिश्वत की राशि ली और उसे अपनी टेबल की दराज में रखवा लिया. इसी वक्त आसपास तैनात लोकायुक्त टीम ने दबिश देकर उसे पकड़ लिया. लोकायुक्त अधिकारियों ने बताया कि आरोपी दयाराम निगम और नरेंद्र नरवरिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## जिला बदर बदमाश गिरफ्तार

इंदौर. परदेशीपुरा पुलिस ने जिला बदर बदमाश श्रवण गंगापरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. आरोपी को कुछ महीने पहले ही छह माह के लिए जिला बदर किया था, बावजूद इसके वह थाना क्षेत्र में ही घूम रहा था. थाना प्रभारी आरडी कानवा ने बताया कि शहर में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर लगातार जिला बदर अपराधियों की जांच और कार्रवाई की जा रही है. जिसके तहत पुलिस को सूचना मिली कि जिला बदर बदमाश 35 वर्षीय श्रवण पिता सुरेश गंगापरी निवासी कुलकर्णी का भट्टा, कल्याण मिल मैदान स्थित हनुमान मंदिर के पास घूम रहा है. सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. जांच में पता चला कि आरोपी को 13 जून 2025 से छह माह के लिए जिला बदर किया था, उसे जेल भेजा दिया. आरोपी पर एक दर्जन से ज्यादा आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं.

# मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकराई, युवक की मौत

- देवास माता मंदिर दर्शन के लिए निकले थे
- खंडवा से इंदौर आया था मृतक, दोस्त भी घायल



इंदौर. नवरात्रि पर देवास स्थित माता मंदिर दर्शन करने निकले युवकों की बाइक पलासिया चौराहे पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई. हादसे में 23 वर्षीय आकाश पिता कर्तनसिंह निवासी ग्राम सुलगांव, जिला खंडवा की मौत हो गई, जबकि उसका साथी लक्की पिता ब्रजेश निवासी श्रद्धा-सबुरी कॉलोनी घायल हो गया. आकाश अपने गांव से इंदौर दोस्त के पास आया था और यहां से वे लोग दर्शन करने जा रहे थे. हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई. उसी दौरान वहां से गुजर रहे अजय नामक युवक ने जब तीनों को घायल देखा तो राहगीरों की मदद से उन्हें एमवाय अस्पताल पहुंचाया. डॉक्टरों ने आकाश को मृत घोषित कर दिया, मामले में पुलिस जांच कर रही है.

**तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दो की मौत**-इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि ट्रक नम्बर आरजे 02 जीबी 8424 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार 53 वर्षीय मदनमोहन और 23 वर्षीय जीतू वंशकार को टक्कर मार दी. दोनों की मौके पर मौत हो गई. मामले में ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है.

# एएसआई से मारपीट करने वाले आरोपी को एक साल की सजा

- 14 साल पुराने मामले में जेएमएफसी कोर्ट का फैसला

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** सिद्धेश्वर नव गरबा मंडल गौरी नगर में ड्यूटी कर रहे एएसआई से मारपीट करने वाले आरोपी को 14 साल बाद न्यायालय ने सजा सुनाई है. मामले में जेएमएफसी नीरज अग्रवाल की कोर्ट ने आरोपी पवन पिता सुभाष पटेल, निवासी खातीपुरा को दोषी मानते हुए एक वर्ष का सश्रम कारावास और 500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया.

अभियोजन के अनुसार, घटना 3 नवंबर 2011 की है, फरियादी एएसआई बीआर सिसौदिया उस समय थाना हीरानगर से गौरी नगर स्थित सिद्धेश्वर नव गरबा मंडल में ड्यूटी पर तैनात थे. ड्यूटी के दौरान खातीपुरा निवासी दो युवक वहां पहुंचे. उनके मुंह से शराब की गंध आने पर एएसआई ने पूछताछ की तो उन्होंने विवाद करते हुए गाली-गलौज की और मारपीट कर दी. इस हमले में एएसआई सिसौदिया को गाल, हाथ-पैर और पीठ पर चोटें आईं. घटना की सूचना वायरलेस से दी गई, जिसके बाद कोबरा स्क्वाड मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाने लाई. जांच के बाद मामला न्यायालय में पेश किया था.

प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन राजेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शासन की ओर से प्रकरण की पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ईशु यादव ने की. विचारण के दौरान दूसरा आरोपी सूरज की मृत्यु हो गई थी.

# दिव्यांग संतोष ने देहदान से दिया परोपकार का संदेश

- इंदौर में पांचवें देहदान को मिला गार्ड ऑफ ऑनर
- चोइथराम स्किन बैंक ने लिया त्वचा दान




नव भारत न्यूज

**इंदौर. अंकितग्राम स्थित सेवाधाम आश्रम में रहने वाले दिव्यांग संतोष ने मृत्यु उपरांत समाज को परोपकार की मिसाल दी. आश्रम संस्थापक सुधीर भाई की प्रेरणा और परिवार की सहमति से संतोष का अंग और देहदान किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार पुलिस जवानों की उपस्थिति में गार्ड ऑफ ऑनर देकर दिवंगत को श्रद्धांजलि दी गई.**

यह सेवाधाम परिवार का पांचवां देहदान है. देशभर में 200 से अधिक देहदान कराने वाली संस्था के रूप में सेवाधाम का यह कदम समाज के लिए प्रेरणादायी बन गया है. समारोह में सुधीर भाई गोयल, संदीपन आर्य प्रभारी सेवाधाम, मुस्कान ग्रुप के सेवादार, अनिल सुराणा, संजय खेर और अश्विनी केलकर सहित बड़ी संख्या में परिवारजन और पाराशर नगर निवासी मौजूद रहे. सेवाधाम के विशेष बच्चों ने 'सद्गुरु बैंड' की धुनों पर अंतिम विदाई दी. श्रीअरविंदो इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, इंदौर की एम्बुलेंस के जरिए पार्थिव देह ले जाई गई. इससे पहले दिवंगत की त्वचा चोइथराम स्किन बैंक ने प्राप्त की, जो गंभीर रूप से झुलसे हुए मरीजों के उपचार में उपयोग होगी. संतोष का शरीर अब मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों की एनाटॉमी स्टडी में महत्वपूर्ण योगदान देगा. इस तरह मृत्यु के बाद भी वे दूसरों के जीवन और शिक्षा दोनों में सहायक रहेंगे.

### देहदान की बढ़ती परंपरा...

हाल ही में इंदौर निवासी स्व. शांतिलाल संघवी का देहदान भी दधीची मिशन के सहयोग से संपन्न हुआ था. केवल एक माह में प्रदेश में करीब 12 देहदान हो चुके हैं. शासन द्वारा ऐसे दानदाताओं को गार्ड ऑफ ऑनर दिए जाने की परंपरा से दानदाता परिवार को संतोष और समाज में प्रेरणा का वातावरण बन रहा है.

# शक्ति मोबाइल की मुस्तैदी, गुम बच्चों को परिजनों से मिलाया

### *मनचलों व असामाजिक तत्वों पर कसा शिकंजा*



इंदौर. नवरात्र पर्व के दौरान महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर इंदौर पुलिस की शक्ति मोबाइल लगातार मुस्तैदी दिखा रही है. गरबा पंडालों और भक्ति स्थलों के आसपास हर पल निगरानी रखने वाली टीमों ने अब तक कई अहम कार्रवाई की है. इनमें गुम हुए 10 नाबालिक बच्चों को परिजनों से मिलाना, गर्भवती महिला की मदद करना और अपहृत दो नाबालिक बालिकाओं की बरामदगी शामिल है.

पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर शहर में 13 शक्ति मोबाइल गाड़ियां महिला पुलिस बल सहित तैनात की गई हैं, ये टीमें प्रतिदिन धार्मिक स्थलों और गरबा पंडालों के आसपास पेट्रोलिंग कर रही हैं. इसी दौरान संदिग्धों और असामाजिक तत्वों पर भी सख्ती दिखाई गई है. पुलिस ने अब तक 6 लोगों पर कार्रवाई की है. इनमें अवैध चाकू लेकर घूम रहा एक युवक, छेड़खानी की नीयत से मंडराता मनचला और शराब पीकर वाहन चलाने वाले 4 लोग शामिल हैं. नवरात्र के बीच पुलिस की इन कार्रवाइयों ने न केवल सुरक्षा का भरोसा मजबूत किया है, बल्कि लोगों में यह संदेश भी दिया है कि गरबा पंडालों और धार्मिक स्थलों पर किसी भी तरह की गुंडागर्दी या असामाजिक हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### शक्ति मोबाइल की प्रमुख कार्यवाहियां...

बिजासन मंदिर के पास तेज बारिश में फंसी गर्भवती महिला व उसके पति की मदद कर सुरक्षित घर पहुंचाया. उत्तरप्रदेश बस्ती और मध्य प्रदेश के शाजापुर से अपहृत नाबालिक बालिकाओं को बरामद कर संबंधित थानों से संपर्क कर कार्रवाई की है. वहीं गरबा पंडालों से गुम हुए 10 नाबालिक बच्चों को खोजकर उनके परिवारों से मिलाया. अभिव्यक्ति गरबा पंडाल से गुम मोबाइल को तलाश कर महिला को सुपुर्द किया. संदिग्धों की चेकिंग के साथ ही महिला अपराधों और सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया.

# 17 साल बाद खत्म हुआ चर्चित मामला

- नकली अफसर बन अपहरण के आरोप से तीनों आरोपी बरी
- साक्ष्य साबित न होने पर कोर्ट का फैसला

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर का एक चर्चित अपहरण प्रकरण 17 साल बाद आखिरकार खत्म हो गया. कोर्ट ने इस मामले में आरोपी बनाई गई दो महिलाओं और एक युवक को बरी कर दिया.**

यह घटना अप्रैल 2008 की है. टायर व्यवसायी सुरजीतसिंह ने छोटी ग्वालटोली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दो महिलाएं उसकी दुकान पर आईं और खुद को क्राइम ब्रांच की अफसर बताकर टायर का कोटेशन मांगा. आरोप था कि इसके बाद फोन कर उसके बच्चे को लेकर धमकाया और आरएनटी मार्ग स्थित मल्टी में उसके फ्लैट से बच्चे के अपहरण का प्रयास किया था. जांच के दौरान पुलिस ने सविता और सुनीता नामक दो महिलाओं के साथ ही नरिंदरसिंह को भी आरोपी बनाया था. करीब 17 साल तक चली ट्रायल के दौरान अभियोजन आरोप साबित करने में नाकाम रहा. परिणामस्वरूप अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया. उस समय यह मामला इंदौर शहर में काफी चर्चा का विषय बना था. हालांकि अब कोर्ट के फैसले के बाद यह प्रकरण कानूनी तौर पर समाप्त हो गया है.

# दो युवकों पर अपहरण और जबरन गर्भपात का केस दर्ज

### महिला ने दर्ज करवाई शिकायत

**इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक शादीशुदा महिला की शिकायत पर उसके दो परिचित युवकों के खिलाफ अपहरण और जबरन गर्भपात कराने का मामला दर्ज किया है. आरोप है कि दोनों आरोपी महिला को बाइक से जबरन ले गए और दवा खिलाई, जिससे उसका गर्भपात हो गया.**



थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके पति ने 11 सितंबर को दर्ज कराई थी. जांच के दौरान सामने आया कि वह अपने परिचित युवक विजेश पुत्र सरब सिंह निवासी डागराखेड़ा और उसके दोस्त लोकेश पुत्र किशोर के साथ थी. वहीं महिला द्वारा दिए गए अपने बयान में बताया कि 11 सितंबर की सुबह वह दूध लेने निकली थी तभी दोनों आरोपी उसे बाइक पर जबरन बैठाकर दूधिया गांव ले गए और एक कमरे में रखा. इसके बाद विजेश उसे अपने घर डागराखेड़ा ले गया, विजेश उससे शादी करना चाहता था, लेकिन उसने कहा कि वह तीन माह की गर्भवती है. इस दौरान विजेश ने उसे दवा दी, जिसे खाने के बाद उसका गर्भपात हो गया. महिला का कहना है कि दोनों आरोपी उसके मायके के पास के ही रहने वाले हैं, इसलिए वह उन्हें पहचानती है. पीड़िता ने यह भी स्पष्ट किया कि अपहरण के दौरान उसके साथ दुष्कर्म नहीं किया. घटना की जानकारी महिला ने अपने भाई को फोन कर दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई की. कनाड़िया पुलिस ने विजेश और उसके साथी लोकेश के खिलाफ अपहरण और जबरन गर्भपात कराने की धाराओं में केस दर्ज किया है.

**समस्या** — मामला वार्ड क्रमांक 85 के श्रद्धापुरी एकनएक्स कॉलोनी का

# पानी के लिए निजी टैंकर के भरोसे रहवासी



**इंदौर. शहर में आज भी ऐसे क्षेत्र है जहां नर्मदा पानी की लाइन तो दूर सरकारी बोरिंग भी नहीं है. इतना ही नहीं नगर निगम की ओर से पानी के टैंकर की सुविधा महिने में एक-दो बार ही दी जाती है. ऐसे में लोगों को हर बार पैसे देकर पानी खरीदना पड़ता है. जब ऐसे मामले सामने आते है तो नगर निगम के जन सुविधा विकास की पोल खुल जाती है.**

कुछ ऐसा ही एक मामला वार्ड क्रमांक 85 से सामने आया है. यहां वार्ड फूटी कोठी क्षेत्र में पड़ता है. वार्ड के श्रद्धापुरी एनएक्स कॉलोनी में अधिकांश जगह पानी की बड़ी किल्लत सामने आई है. बताया जाता है कि श्रद्धापुरी एनएक्स में नर्मदा पानी की लाइन आज तक नहीं डाली गई जबकि जब भी चुनाव आते हैं नेतागण विकास की बात करते हुए पानी की पूर्ति करने के वादे भी करते हैं. चुनाव जीतने के बाद आज नर्मदा लाईन नहीं डाली गई. रहवासियों द्वारा पानी को लेकर जब जनप्रतिनिधि से बात की गई तब क्षेत्र में सरकारी बोरिंग लगाने का वादा किया गया था वह सुविधा भी आज तक नहीं आ पाई. पानी की पूर्ति के लिए जब क्षेत्रवासियों ने नगर निगम पानी के टैंकर की मांग की तो नगर निगम द्वारा बड़ी मुश्किल से महीने में मात्र एक या दो बार टैंकर पहुचाया है. ऐसे में पानी की किल्लत की मार झेल रहे श्रद्धापुरी के रहवासी पैसे देकर निजी पानी की टैंकर बुलवाते हैं. वार्ड क्रमांक 85 क्रमांक में कई समस्याएं पनप रही है जिससे जन आसुविधाएं बढ़ रही हैं. निराकरण पूछने के लिए नवभारत द्वारा क्षेत्रीय पार्षद राकेश जैन को जब कॉल किया गया लेकिन उन्होंने कभी भी कॉल पिक नहीं किया.

### इनका कहना है...



वार्ड के दूसरे क्षेत्रों में नर्मदा की पानी की लाईन डली हुई है लेकिन हमारे क्षेत्र में एक भी घर में पानी की लाईन नहीं है. यहां तक बोरिंग की लाईन भी नहीं है.

**- मधु जोशी**

पानी की बहुत किल्लत है. अभी हमें ढाई सौ रूपए देकर पानी टैंकर बुलवाना पड़ता है. गर्मियों में वही टैंकर चार-पांच सौ रूपए का हो जाता है. महीने में पंद्रह सौ रूपए लगते हैं.



**- ज्योति पल्ई**

चारों-पांचो गलियों में पानी लाईन की सुविधा नहीं है. क्षेत्रवासी चाहते हैं कि हमारे क्षेत्र में भी नर्मदा या बोरिंग पानी की लाईन डाली जाए जिससे समस्या ख़त्म हो और लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके.



**- सपना रॉय**